स्रोत :- राजस्थान पत्रिका
दिनांक :- 20.08.2019
पृष्ट संख्या :- 11

कोलकाता भेजने की थी योजना

सिलीगुड़ी से 10 किलो सोना जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

केन्द्रीय खुफिया राजस्व निदेशालय ने दबोचा

कोलकाता. केन्द्रीय खुफिया राजस्व निदेशालय (डीआरआई) ने सिलगुड़ी से 3.8 करोड़ रुपए मूल्य के तस्करी के सोने के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर विशेष छापेमारी अभियान चलाकर डीआरआई की टीम ने तीन तस्करों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से सोना के 60 बिस्कुट मिले। जब्त बिस्कुट का वजन 10 किलो ग्राम है। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक सोने के बिस्कुट विदेश में बने हैं। जब्त सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 3.8 करोड़ रुपए आंकी गई है। मामले की जांच जारी है। डीआरआई के अधिकारी पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि वे सोना कहां से कैसे लाए थे। सिलीगुड़ी से सोना लेकर वह कहां जाने वाले थे। यह जानने का प्रयास किया जा रहा हैं कि ये कितने दिनों से इस गोरखधंधे में लिप्त हैं। प्राथमिक जांच के आधार पर डीआरआई के अधिकारियों का अनुमान है कि सोना कोलकाता ले जाया जना था।

CamScanner